प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज नई दिल्ली में कांग्रेस की नई प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा वे कई कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश से जुड़े मुद्दों को लेकर कई केन्द्रीय नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं।

टीचिंग डे

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में टीचिंग डे बढ़ाने के साथ–साथ बैग फ्री डे शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग ने बीती शाम को शैक्षणिक केलेंडर व छुट्टियों की शेड्यूल भी जारी कर दिया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थी हर शनिवार को बिना बैग के स्कूल आएंगे। इस दिन विद्यार्थियों को स्वच्छता, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र से अब 185 टीचिंग डे के बजाय 2 सौ 43 टीचिंग डे होंगे। शीतकालीन छुट्टियों वाले स्कूलों में एक जनवरी से 11 फरवरी तक विंटर ब्रेक रहेगी जबकि 21 से 26 जुलाई तक मानसून ब्रेक निर्धारित की गई है। इसके अलावा बिना बोर्ड वाली कक्षाओं का परिणाम 31 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन स्कूलों में 11 से 16 जनवरी तक विंटर ब्रेक जबकि 22 जून से 29 जुलाई के बीच मानसून की छुट्टियां निर्धारित की गई हैं। इन स्कूलों में बिना बोर्ड वाली कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम 31 मार्च को घोषित किया जाएगा जबकि पहली अप्रैल से दाखिले किए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने खेल गतिविधियों के लिए भी अलग से कलेंडर जारी किया है जिसमें ब्लॉक स्तर से राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं की समय सारिणी निर्धारित की गई है।

रेलवे उपाय

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए उत्तर रेलवे ने कई उपाय किए हैं। रेलवे ने एक बयान में कहा कि प्रयागराज जाने वाली सभी विशेष ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 16 से संचालित की जाएंगी और इसके लिए प्रवेश और निकास अजमेरी गेट की तरफ से होगा। भीड़ को एक प्लेटफॉर्म पर जमा होने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। बाकी सभी प्लेटफॉर्म से नियमित ट्रेनों का परिचालन जारी रहेगा। इसके अलावा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ा दी गई है। भीड़ की स्थिति के दौरान पूछताछ और यात्री सहायता के लिए लोग रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का उपयोग कर सकते हैं।

फास्टैग

फास्टैग का नया नियम आज से लागू हो गया है। इसके तहत जिन भी यूजर्स के फास्टैग में कम बैलेंस, भुगतान में देरी या फिर फास्टैग ब्लैकलिस्ट होगा उनपर अतिरिक्त जुर्माना लगाया जाएगा। इस नियम को लागू करने के पीछे सरकार का उद्देश्य फास्टैग में होने वाली परेशानी के कारण टोल पर वाहनों की लंबी कतारों को कम करना

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग ने 18 फरवरी से राज्य में वर्षा और बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने 19 से 22 फरवरी तक राज्य में मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान लगाया है। इस दौरान उंची चोटियों पर हिमपात जबकि अन्य इलाकों में वर्षा होने की संभावना है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है उद्योगों पर मिल्क–पर्यावरण उपकर 31 मार्च तक टला।

आज दिल्ली जाएंगे मुख्यमंत्री, नई प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल से करेंगे मुलाकात खबर को हिमाचल दस्तक ने प्रमुखता दी है।

नहीं बदलेंगी स्कूली छुट्टियां शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है समर और विंटर क्लोजिंग स्कूलों के लिए बोर्ड ने जारी किया शैक्षणिक शेड्यूल। दैनिक जागरण लिखता है स्कूलों में अब होंगे 2 सौ 43 शैक्षणिक दिवस।

पंजाब केसरी की एक सुर्खी है एचपीसीए स्टेडियम धर्मशाला को मिली 3 आईपीएल मैचों की मेजबानी।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं पहाड़ों पर दूसरे दिन भी बर्फबारी, शीतलहर से 4 डिग्री तक गिरा पारा।